# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## HALF YEARLY EXAMINATION
## (SAMPLE PAPER)

**SESSION 2026 – 27**
**SUBJECT : HINDI**

**TIME : 03 HRS** **GRADE – V** **M.M:80**

### खंड -क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5x2=10)**

एक समय की बात है, एक सुंदर और घने जंगल में चीकू नाम का एक छोटा और नटखट खरगोश रहता था। चीकू बहुत ही फुर्तीला था और उसे मीठी-मीठी गाजर खाना बहुत पसंद था। एक सुबह, चीकू भोजन की तलाश में अपने घर से निकला। थोड़ी दूर जाने पर उसे एक बड़ा सा गाजर का खेत दिखाई दिया। लाल-लाल गाजरें देखकर चीकू की आँखें खुशी से चमक उठीं।वह तुरंत खेत के अंदर गया और मजे से गाजर खाने लगा। तभी वहाँ कालू नाम का एक बड़ा कुत्ता आ गया। कालू को देखकर चीकू बहुत डर गया। उसने अपनी जान बचाने के लिए ज़ोर से दौड़ लगाई। चीकू एक घनी झाड़ी के पीछे छिप गया। कालू ने उसे बहुत ढूँढा, लेकिन झाड़ी घनी होने के कारण वह चीकू को नहीं देख पाया और वहाँ से चला गया। चीकू ने चैन की साँस ली। इस घटना से उसने सीखा कि बिना सोचे-समझे अनजान जगहों पर जाना खतरनाक हो सकता है।

1. चीकू कहाँ रहता था?

क) गाँव में     ख) शहर में

ग) सुंदर और घने जंगल में     घ) खेत में

2. कालू कौन था?

क) बिल्ली     ख) खरगोश

ग) बड़ा कुत्ता     घ) शेर

3. कालू, चीकू को क्यों नहीं देख पाया?

क) क्योंकि चीकू भाग गया था     ख) क्योंकि रात हो गई थी

ग) क्योंकि झाड़ी घनी थी     घ) क्योंकि कालू अंधा था

4. चीकू अपने घर से क्यों निकला था?

5. चीकू ने अंत में क्या सीखा?

### खंड 'ख'

**2. सही वाक्य में ✓ निशान लगाइए -** **(2x1=2)**

i) क) मोहन जा रहा है स्कूल     ख) स्कूल जा मोहन रहा है।

ग) स्कूल जा रहा मोहन है।     घ) मोहन स्कूल जा रहा है।

ii) क) सभी बच्चे पार्क में खेल रहे हैं।     ख) सभी बच्चे खेल रहे हैं पार्क में।

ग) पार्क में खेल रहे हैं सभी बच्चे।     घ) बच्चे सभी पार्क में खेल रहे हैं।

**3. दिए गए वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय को अलग-अलग करके लिखिए -.** **(3x2=6)**

.क ) चिड़िया पेड़ पर बैठी है।

उद्देश्य - .............................. विधेय - ..............................

ख) मेरे प्यारे पापा खाना बना रहे हैं।

उद्देश्य - .............................. विधेय - ..............................

ग) रमा और गीता फ़िल्म देखने गई।

उद्देश्य - .............................. विधेय - ..............................

**4. कोष्ठक में दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलकर खाली जगह भरिए -** **(3x1=3)**

क) सभी का .............................. निराला होता है। **(बच्चा)**

ख) हमेशा .............................. पर अच्छाई की जीत होती है। **(बुरा)**

ग) गरीबों की .............................. करो। (भला)

**5 लिंग बदलकर दुबारा वाक्य लिखिए -** **(4x1=4)**

क) दादा जी पार्क में घूम रहे हैं।

ख) गायक गाना गा रहा है।

ग) शेर जंगल में दहाड़ रहा है।

घ) गाय घास खा रही है।

**6. दिए गए शब्दों के वचन-परिवर्तन कीजिए -** **(5x1=5)**

क) खिलौना - ख) नदी -

ग) चिड़िया - घ) दुकान -

ड.) पुस्तक -

**7. रेखांकित कारक में कौन-सा भेद है? ✓ का निशान लगाइए -.** **(2x1=2)**

क) रिया ने चित्र बनाया।

क) कर्म कारक ख) अपादान कारक

ग) संप्रदान कारक घ) कर्ता कारक

ख) राम ने सीता को एक तोहफ़ा दिया।

क) कर्ता कारक ख) कर्म कारक

ग) संप्रदान कारक घ) करण कारक

**8. संज्ञा शब्दों को सर्वनाम में बदलकर लिखिए -.** **(4x1=4)**

क) राम स्कूल जा रहा है। ........................

ख) गीता किताब पढ़ रही है। ........................

ग) मोहन और सोहन खेल रहे हैं। ......................

घ) पिता जी कहाँ गए थे? ......................

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कुछ शब्दों में दें -** **(4×1=4)**

क) संज्ञा की परिभाषा लिखें ।

ख) कारक की परिभाषा लिखें ।

ग) लिंग के कितने भेद होते हैं ?

घ) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?

## खंड - ग

**10. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(7×1=7)**

ट्राफ़ल्गार स्क्वायर में जैसा कबूतरों का विशाल समूह देखा वैसा अब तक मैंने कभी नहीं देखा था। लोगों की भीड़ जमा थी। उन्हें दाना चुगाने के लिए हम भी उस भीड़ में घुस गए। यहीं पर हमने नेशनल आर्ट गैलरी में अनेक दुर्लभ चित्रों को देखा। जिस ओर से हम बाहर निकले, वहीं सामने एक विशाल चबूतरे पर एडमिरल लॉर्ड नेलसन की बहुत बड़ी मूर्ति थी। जो बहुत ही मनोहर थी।

घूमते-घूमते दोपहर हो चुकी थी और हमें भूख भी लग रही थी। हमने इंडिया हाऊस में खाना खाया। हमारा गाइड समय का बड़ी सख़्ती से पालन करता था। निर्धारित समय से एक मिनट पहले ही हमें लेने पहुँच गया। टेम्स (थेम्स) के किनारे-किनारे चलते हुए हम लंदन की प्राचीनता और ऐतिहासिक गौरव की बातें करते हुए सात सौ पचास वर्ष पुराने 'टॉवर ऑफ़ लंदन' पहुँचे। इसके विशाल द्वार में प्रवेश करते ही हमें इसकी वैश्विक गरिमा का परिचय मिला। इसकी एक-एक दीवार हमें इसकी संपन्नता का परिचय दे रही थी। आज के लिए बस इतना ही। कल फिर मिलेंगे तब तक के लिए अलविदा।

1.ट्राफ़ल्गार स्क्वायर में लेखक ने क्या देखा?

क) लोगों की भीड़    ख) कबूतरों का विशाल समूह

ग) नेशनल आर्ट गैलरी    घ) बिग बेन

2. लेखक ने खाना कहाँ खाया?

क) नेशनल आर्ट गैलरी में    ख) टॉवर ऑफ़ लंदन में

ग) इंडिया हाऊस में    घ) टेम्स नदी के किनारे

3. 'टॉवर ऑफ़ लंदन' कितना पुराना है?

क) 500 वर्ष    ख) 600 वर्ष

ग) 750 वर्ष    घ) 1000 वर्ष

4. ट्राफ़ल्गार स्क्वायर में किसकी मूर्ति थी?

क) महारानी विक्टोरिया    ख) एडमिरल लॉर्ड नेलसन

ग) विंस्टन चर्चिल　　　　　　　　　　घ) विलियम शेक्सपियर

5. टेम्स के किनारे-किनारे चलते हुए हम लंदन की ---------और ऐतिहासिक गौरव की बातें करते हुए 'टॉवर ऑफ़ लंदन' पहुँचे।

6. निम्नलिखित कथनों पर सही ✓ या गलत ✗ का निशान लगाइए: :

(क) गाइड निर्धारित समय से एक मिनट देर से पहुँचा था।　　　　(✓ / ✗)

(ख) लेखक ने नेशनल आर्ट गैलरी में अनेक दुर्लभ चित्र देखे।　　　　(✓ / ✗)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर उत्तर दीजिए -　　　　　　　　　　(7x2=14)**

क) साइकिल कम ख़र्चा कराती है तथा सब को स्वस्थ रखती है। कैसे?

ख) मैडम टुसाड का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

ग) दीपिका ने लंदन घूमने के लिए गाइड का सहारा क्यूँ लिया होगा? सोचकर लिखिए।

घ) ऑलिव रिडले कछुओं की संख्या क्यों कम हो रही है? अपने विचार लिखें।

ड.) रीमा ने अंडों को संरक्षण समिति को सौंप देने का सुझाव दिया।

च) दीपिका की डायरी पढ़ कर आपका मन कहाँ कहाँ घूमा? बताइए।

छ) साइकिल ख़रीदते समय हमें किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? बताइए।

**12. निम्नलिखित शब्दों को पढ़कर उनके अर्थ लिखें -　　　　　　　　　　(9x1=9)**

| | | |
|---|---|---|
| क) जीजा - | ख) दफ़्तर - | ग) प्रतिमाएँ- |
| घ) सम्पन्नता- | ड.) प्रभावित - | च) आश्चर्य - |
| छ) संरक्षण - | ज) ओझल - | झ) रेगना - |

खंड - घ

**13. निम्नलिखित पत्रों में से कोई एक पत्र लिखें -　　　　　　　　　　(10)**

विद्यालय में पुस्तकालयों की पुस्तकें बढ़ाने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

अथवा

खेल प्रतियोगिता में विजेता होने पर शुभकामनाएं देते हुए अपने दोस्त को पत्र लिखिए।